Title: Need to ensure availability of potable water in view of decreasing water level due to coal mining in various areas of Giridih Parliamentary constituency.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोद्य, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान झारखण्ड राज्य के गिरीडीह लोकसभा के अन्तर्गत आने वाले गिरीडीह खास, बनियाडीह, पचम्बा, बुड़िया खाद तथा बोकारो जिले के अन्तर्गत आने वाले गोमिया प्रखण्ड, तुलबुल, देन्दे चिट्सा, इस्लामटोला, होसीड, चटनियाटोला, लालबांध और बेरमो प्रखण्ड में आने वाले बेरमो, ढोरी, बेड़िया, कठारा, चलकरी, कुसैरा आदि भागों की ओर आकृट करना चाहता हूँ, जहाँ कोयला खनन के कारण जल स्तर बहुत नीचे चला गया है। इसके अतिरिक्त धनबाद जिले के वाघमारा क्षेत्र के कतरास, पंचगढ़ी, छाताबाद, बेवाबाद आदि अनेक भागों में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है तथा क्षेत्र के लाखों लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

अतः आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूँ कि उपरोक्त इलाकों में पेयजल की अविलम्ब व्यवस्था की जाए।